**HN 9101** **ANNUAL EVALUATION 2017-2018** **A**

Third Language

# IX

**HINDI**

Time : 90 minutes
Maximum Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- 15 मिनट का कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना : 'राग-गौरी' पद की ये पंक्तियाँ पढ़ें, 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> मैया मोहिं दाऊ बहुत खिझायो।
> मोसों कहत मोल को लीनो तोहि जसुमति कब जायो।।
> कहा करौं एहि रिसि के मारे खेलन हौं नहिं जातु।
> पुनि-पुनि कहत कौन है माता को है तुमरो तातु।।

1. '**दाऊ बहुत खिझायो**' -का मतलब है : 1

    (क) माँ बहुत चिढ़ाती है।
    (ख) बड़े भाई बहुत चिढ़ाते हैं।
    (ग) दोस्त बहुत चिढ़ाते हैं।
    (घ) बालक बहुत चिढ़ाते हैं।

2. निम्नलिखित आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें। 1

    मुझसे कहते हैं कि तुम्हें मूल्य देकर खरीदा हुआ है। तुम यशोदा को कब पैदा हुआ।

3. पद में कृष्ण अपनी माँ से कुछ शिकायतें कर रहा है। कविता की पंक्तियों के आधार पर बालक कृष्ण और माँ यशोदा की बातचीत लिखें। (बातचीत में 5 विनिमय हों) 4

**सूचना : 'प्रेमचंद घर में' लेख का यह अंश पढ़कर 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> मेरी पहली 'साहस' नाम की कहानी 'चांद' में छपी। मैंने वह कहानी उन्हें नहीं दिखाई। 'चांद' में आपने देखा। ऊपर जाकर मुझसे बोले- "अच्छा, अब आप भी कहानी-लेखिका बन गई?" बोले- "यह कहानी आफिस में मैंने देखी। आफिसवाले पढ़-पढ़कर खूब हँसते रहे। कइयों ने मुझपर संदेह किया।"

4. शिवरानी देवी की पहली प्रकाशित कहानी का नाम क्या है? 1

    (क) चांद (ख) साहस (ग) प्रेमचंद घर में (घ) गोदान

5. आफिसवालों ने प्रेमचंद पर क्यों संदेह किया होगा? 2

6. चांद पत्रिका में अपनी पहली कहानी प्रकाशित होने से शिवरानी देवी बहुत खुश हैं। कहानी पढ़ने का अनुरोध करते हुए वे अपनी सहेली के नाम पत्र लिखती हैं। सहेली के नाम शिवरानीजी का पत्र लिखें। (पत्र का कलेवर 80 शब्दों का हो) 4

**अथवा**

राजकमल प्रकाशन, दिल्ली द्वारा 'प्रेमचंद घर में' किताब का पुनःप्रकाशन होनेवाला है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना : 'संसार पुस्तक है' पत्र का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| इस छोटे-से दरिया से वह बड़े दरिया में पहुँचा। इस बीच में वह दरिया के गेंदे में लुढ़कता रहा, उसके किनारे घिस गए और वह चिकना और चमकदार हो गया। इस तरह वह कंकड़ बना जो तुम्हारे सामने है। किसी वजह से दरिया उसे छोड़ गया। |

7. नेहरूजी किसके संबंध में कह रहे हैं? 1

(क) पहाड़ के संबंध में। (ख) नदी के संबंध में।
(ग) चट्टान के संबंध में। (घ) गोल, चमकीले रोड़े के संबंध में।


8. इस वाक्य से दो सरल वाक्य लिखें। 2

**पत्थर के किनारे घिस गए और वह चमकदार हो गया।**

(क) ..................................................

(ख) ..................................................

9. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2



**सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| बेबी ने पोस्टमैन के हाथ में जूते का बंडल थमा दिया। अचरज से सकपकाकर उसने बंडल खोला। भीतर एक जोड़ी सुंदर जूते थे। पोस्टमैन मन ही मन कह उठा, "इस बच्ची ने तो मुझ नंगे पैर को जूते दिए। उसके पैर नहीं हैं, वो मैं कैसे दे सकूँगा?" |

10. बेबी ने पोस्टमैन को जूते इसलिए दिए : 1

(क) बेबी के पास पोस्टमैन को देने के लिए पैसा नहीं था।
(ख) पिताजी ने पोस्टमैन को जूते देने को कहा था।
(ग) बेबी ने पोस्टमैन को कड़ी धूप में नंगे पैर चलते देखा था।
(घ) पोस्टमैन ने बेबी से जूते माँगे थे।

11. '**मैं**' के स्थान पर '**हम**' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

**मैं** दे सकता हूँ।

12. कहानी के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पोस्टमैन की उस दिन की डायरी लिखें। 4
(डायरी लगभग 80 शब्दों को हो)

**अथवा**

'नंगे पैर' शीर्षक इस कहानी के लिए कहाँ तक सार्थक है? अपना मत प्रकट करते हुए एक टिप्पणी लिखें। (टिप्पणी 80 शब्दों की हो)

**सूचना : यह कहानी पढ़ें और प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| एक किसान था। इस बार फसल कम था। साल का अंत होते-होते घर में चावल खतम हो गया। किसान को चिंतित देख बेटी ने कहा, "आप परेशान मत होइए। मैंने रोज़ एक-एक मुट्ठी अनाज मटके में डाल रखा है। उससे हमारा काम हो जाएगा"। बेटी की बात सुनकर किसान खुश हो गया। |
| (रोज़-നിത്യവും, daily; मुट्ठी-പിടി, handful; मटका-കലം, pot) |

13. इस कहानी को उचित शीर्षक दें। 1

14. कहानी के आधार पर सही मिलान करके लिखें। 4

| | |
|---|---|
| फसल खतम होने के कारण | मटके में मुट्ठी भर दाना डाला। |
| लड़की ने रोज़ | अनाज खतम हो गया। |
| वर्ष समाप्त होने पर | किसान खुश हुआ। |
| बेटी की आदत से | किसान चिंतित था। |

सूचना : **'पुल बनी थी माँ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।**

जब तक जीवित रही माँ
हम बदलते रहे अपने कंधे
माँ आखिर माँ ही तो है
बार-बार हमें कंधे बदलते देख
हमारे कंधों से उतर गई माँ
और माँ के कंधों से उतरते ही
उतर गए हमारे कंधे।

15. यह आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें : 1

'माँ मर गई।'

16. प्रस्तुत पंक्तियों का आशय लिखें। 4

सूचना : **'पक्षी और दीमक' कहानी का अंश पढ़कर 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पक्षी ने पुकारकर कहा, "गाड़ीवाले ! ओ गाड़ीवाले ! मैं कब से तुम्हारा इंतज़ार कर रहा था।" पहचानी आवाज़ सुनकर गाड़ीवाला रुक गया। तब पक्षी ने कहा, " देखो, मैंने कितनी सारी दीमकें जमा कर ली हैं।" गाड़ीवाले को पक्षी की बात समझ में नहीं आई। उसने सिर्फ इतना कहा, "तो मैं क्या करूँ।" "ये मेरी दीमकें ले लो, और मेरे पंख मुझे वापस कर दो" पक्षी ने जवाब दिया।

17. प्रसंग के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें : 1

(क) पक्षी गाड़ीवाले से दीमकें खरीदना चाहता है।

(ख) पक्षी अपने पंख वापस लेना चाहता है।

(ग) पक्षी गाड़ीवाले को बाकी पंख देना चाहता है।

(घ) पक्षी गाड़ीवाले से दोस्ती करना चाहता है।

18. यहाँ 'प्रतीक्षा' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

19. कहानी के प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4